पेज थ्री देहरादून

घर–घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंदों को भोजन के पैकेट वितरित

**संवाददाता** देहरादून। महंत श्री श्री 108 रविंद्र पुरी महाराज के पावन सानिध्य में आज भी सेवा दल द्वारा जरूरतमंदों की भोजन की व्यवस्था पुलिसकर्मियों के माध्यम से पुलिसकर्मियों को सुपुर्द की गई। उन्होंने आगे जाकर जहां भोजन की जरूरत थी उन जरूरतमंदों को वह भोजन के पैकेट वितरित किए गये। इस अवसर पर श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के दिगंबर दिनेश पुरी के आग्रह पर सेवादल के संजय गर्ग व नवीन गुप्ता द्वारा अवगत करवाया गया कि बीते रोज रात्रि में घरों में जब दीप प्रज्वलन किए गए तो उस अवसर पर महामृत्युंजय मंत्र व पंचाक्षरी मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप भी किया गया।

### जरूरतमंद लोगों को विधायक के दिशा निर्देश पर भोजन कराया

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के 40 स्थापना दिवस पर कैंट विधानसभा में शिखा थापा के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को हरबंस कपूर के दिशा निर्देश पर भोजन कराया गया। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी जी ने बताया भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 मैं हुई थी यह कारवां बढ़ते हुए आज इस मुकाम पर खड़ा हो गया है कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि यहां विश्व की सर्वाधिक सदस्यों वाली पार्टी बनने के बाद पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र सरकार के साथ–साथ अधिकांश राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलते हुए जरूरतमंद और दीन हीन लोगों की सेवा में समर्पित है।

### वार्ड नंबर 11 के पथरिया पीर भाग दो में किया सैनिटाइजर का छिड़काव

**संवाददाता** देहरादून। वार्ड नंबर 11 के पथरिया पीर भाग दो में कोरोना वायरस से बचाव के मद्देनजर घर–घर जाकर पूर्व पार्षद विकास चौहान के माध्यम से सैनिटाइज किया गया। इस अवसर पर बचाव की भी व्यापक स्तर पर जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विकास चौहान ने स्थानीय जनता से अपील की गई की कि लॉकडाउन का अनुपालन करने एवं घर में ही रहने की लिए कहा गया। सभी लोग अपने घर में रहें, सुरक्षित रहें, बाहर बिल्कुल ना निकलें, सिर्फ जरूरी आवश्यकताओं के लिए ही बाहर निकलें, क्योंकि पूरा देश कोरोना की इस महामारी के संकट से गुजर रहा है। दिन प्रतिदिन हमारे देश में और उत्तराखंड प्रदेश में करुणा पॉजिटिव मरीजों की संख्या डबल हो रही है बहुत तेजी से बढ़ रही है जिसको देखते हुए क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि सभी लोग इसको देखकर सचेत रहें।

## अवैध संबंधों के चलते हुई थी अधेड़ की हत्या, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। सोमवार को विकासनगर कोतवाली पुलिस ने जुडली गांव में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में अवैध संबंधों के चलते हत्या किए जाने की बात सामने आई है। बताते चलें कि पांच अप्रैल को कोतवाली विकासनगर को सूचना मिली कि जुडली गांव में एक व्यक्ति अपने घर में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है, जिसके सर पर चोट का निशान है। सूचना पर थाना विकासनगर से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा था तथा मौके पर फील्ड यूनिट की टीम को बुलाया गया। फील्ड यूनिट की टीम की ओर से घटनास्थल और आस पास के क्षेत्र से आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई।

मृतक के सिर पर लगी चोट के संबंध में फील्ड यूनिट की टीम द्वारा अवगत कराया गया था कि युवक के सिघ्र में गोली मारकर उनकी हत्या की गई है। मृतक की पहचान जनक (50 वर्ष) पुत्र मुल्लड़ निवासी ग्राम जुडली, थाना विकासनगर के रूप में हुई थी। उक्ध्त व्ध्यक्ति बकरी चराने का कार्य करता था और मकान में अपनी पत्नी चेतन (42 वर्ष) के साथ रहता था। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी चेतन और उसके प्रेमी रविंदर निवासी जुड़ली को गिरफ्तार कर लिया है।

# नाजुक दौर से गुजर रहा प्रदेश का किसानः प्रीतम

**आरोप**

**संवाददाता**

सरकार को चाहिए की वह तत्काल प्रभाव से किसानों को उचित मुआवजा दें

सरकार द्वारा अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है कि वर्तमान समय में प्रदेश का किसान नाजुक दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की नगदी फसल बाजार में खड़ी है और उसके समक्ष विकट परिस्थिति पैदा हो गई है। गन्ना किसानों की गन्ना खेतों में है अगर गन्ना काट दिया तो वह ट्राली में रखा हुआ है क्योंकि जितनी भी चीनी मिले हैं वह पूरी तरह से बंद हैं। इस परिस्थिति में सरकार को चाहिए था कि वह किसानों के साथ खड़ी होने का काम करे, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर ओलावृष्टि ने किसानों की फसल को चौपट व नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और सरकार को चाहिए की वह तत्काल प्रभाव से किसानों को उचित मुआवजा दें जिससे किसान अपनी रोजी रोटी की व्यवस्था कर सके और किसान समृद्ध रह सके और इस दिशा में सरकार को काम करना चाहिए।

### कोरोना की रोकथाम के लिए समुचित उपाय करने की मांग

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर वर्तमान में फैल रहे कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए समुचित उपाय किये जाने की मांग की है। यहां जारी एक बयान में पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि भगत सिंह कालोनी में कोरोना वायरस के पांच संक्रमित लोगों के पाये जाने के कारण आस–पास भय की स्थिति नहीं हुई है उन सभी आसपास के क्षेत्रों में सैनिटाइजर दवा का डिड़काव किये जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि जहां तक जमातियों का प्रश्न है और उन्होंने जमातियों से सामने आने का आग्रह किया है वह अपने इलाज के लिए आगे आये।

**भाजपा पर राहत सामग्री वितरण में भेदभाव का आरोप**

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पार्टी द्वारा स्थापित कंट्रोल रूम के सदस्य सूर्यकांत धस्माना ने प्रशासन पर राहत कार्य भाजपा के इशारों पर चलाने व राहत सामाग्री वितरण में भेदभाव अपनाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी डा. आशीष श्रीवास्तव से शिकायत दर्ज करवाई है।

एक बयान में धस्माना ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि उनको कांवली, शास्त्रीनगर खाला, द्रोणपुरी, सत्तोवाली घाटी, गांधी ग्राम, गोविंदगढ़, कौलागढ़, कारगी ग्रांट, माजरा, सहस्त्रधारा रोड ब्रह्मावाला खाला क्षेत्रों से लोगों द्वारा शिकायत की गई है कि प्रशासन द्वारा राहत वितरण में भेदभाव किया जा रहा है और केवल उन लोगों को राहत सामग्री दी जा रही है जिनके नामों की संस्तुति भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। इसका राजनीतिकरण न किये जाने की मांग जिलाधिकारी से की गई है।

# मैं भी करना चाहती हूं जरूरतमंदों की मदद

**सराहनीय**

- पांचवी की छात्रा आलिया ने पुलिस को दी अपनी गुल्लक

देहरादून। **संवाददाता**



वैश्विक महामारी घोषित कोरोना वायरस संक्रमण के बीच लॉक आउट में मजदूरों और गरीबों की मदद के लिए कई संस्थाएं आगे आकर काम कर रही है। उधर, कोरोना वायरस को लेकर हुए लोग डाउन के बाद देहरादून के अंसारी मार्ग स्थित श्री कालिका भवन मंदिर समिति की ओर से प्रधानमंत्री राहत कोष के लिए पांच लाख रुपये का चेक भेजा है।

सोमवार को 12 वर्षीय एक बालिका आलिया चावला अपने पिता आलोक चावला के साथ कोतवाली पहुंची। उसके हाथ में गुल्लक थी। उसने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह को यह गुल्लक सौंपी और बोली कि वह भी इस संकट के समय गरीबों की मदद करना चाहती है।

आलिया के इस व्यवहार और प्रस्ताव को देख वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। आलिया ऋषिकेश पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ती है। उसकी मां जया इसी विद्यालय में पढ़ाती है। आलिया ने बताया कि समाचार में उसे यह पता चला कि इस मौके पर कई लोग पुलिस को मदद कर रहे हैं।

उसने गुल्लक में कुछ पैसे जमा किए थे, जिसे वह पुलिस के माध्यम से गरीबों की सेवा में लगाना चाहती है। आलिया को पुलिस की ओर से शुक्रिया कहा गया। पुलिस कर्मियों ने जब गुल्लक तोड़ी तो उसमें 10141 रुपए जमा थे।

## शहीद उत्तराखण्ड के दो जवानों को विस अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजर्लि

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए उत्तराखंड के दो वीर जवानों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि कुपवाड़ा में आतंकवादियों के मंसूबे को नाकाम करते हुए उत्तराखंड के दो वीर जवान रुद्रप्रयाग के देवेंद्र सिंह और पौड़ी गढ़वाल के अमित कुमार ने देश के लिए अपनी शहादत दे दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड के दोनों वीर सपूतों के परिवारजनों के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और सेवा करने में अपना जीवन समर्पित करने वाले वीर सपूतों को देश कभी नहीं भूलेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।